पाठ योजना

कक्षा: सात इकाई - एक

इकाई का नाम - प्यार

पाठ का नाम - साफ़-सफ़ाई में अव्वल गाँव (लेख)

कालांश :-

अधिगम उद्देश्य :-

- सूचनापट तैयार करना ।
- ' नारा गीत ' को आगे बढ़ाना ।
- नारा गीत तैयार करना।
- संदेश वाक्य जोड़कर 'प्रकृति संरक्षण' पर पोस्टर तैयार करना।

मूल्य / मनोभाव :- नीरोग रहने के लिए साफ़-सफ़ाई पर ध्यान देना आवश्यक है।

आशय :- पर्यावरण को साफ रखना हमारा दायित्व है ।

सामग्री :- मावलिन्नोंग गाँव का वीडियो

दो चित्र / स्लाइड :-

1. साफ़ -सुथरा गाँव
2. कूड़े- कचरे से भरा गाँव

HINDI ADHYAPAK MANCH

अधिगम गतिविधियाँ :-

- चित्र वाचन करके आशय समझना।
- लेख का वाचन करना।
- नए शब्दों से परिचित होना।
- नए शब्द (कठिन शब्द) और उनके अर्थ शब्दकोश से ढूंढकर पुस्तिका में लिखना ।
- पाठ का आशय समझना।
- प्रतिक्रिया प्रश्नों के उत्तर हिंदी में देने में सक्षम बनना ।
- अपनी कक्षा ,अपने स्कूल, अपने घर और परिसर की सफाई करना।
- 'कूड़े-कचरे का सही इस्तेमाल'
  (चर्चा में भाग लेना)
- पुनर्चक्रण के बारे में चर्चा द्वारा अधिक जानकारी हासिल करना।
- बेकार की चीजों से उपयोगी वस्तुएँ बनाने की क्षमता प्राप्त करना ।
- सार्थक वाक्य बनाना।

अनौपचारिक संवाद:-

बच्चो; आज कक्षा की साफ़- सफ़ाई का दायित्व किस दल पर था?

(प्रतिक्रिया का अवसर)

ठीक है ।आप रोज़ कक्षा की सफाई करते हैं ना?

ऐसा क्यों ?

(प्रतिक्रिया)

बिल्कुल सही ।

अब हम स्लाइड देखेंगे ।

चित्र-

साफ़-सुथरा गाँव

कूड़े -कचरे से भरा गाँव

चित्रा नायर , तत्तमंगलम – HAM PKD

HINDI ADHYAPAK MANCH

बच्चो, यह किसका चित्र है?
हाँ ग्राम / गाँव
इन दो गाँवों में क्या अंतर है?
(प्रतिक्रिया)
हाँ,एक कूड़े- कचरे से भरा है ।
और दूसरा साफ़ सुथरा है।
ठीक है ।
आपको कौन सा गाँव अच्छा लगा ? क्यों ?
(प्रतिक्रिया)
तो क्या आप अपने स्कूल, घर और परिसर की साफ़-सफ़ाई करते हैं ?
(प्रतिक्रिया)
साफ़ -सफ़ाई करने से हमें क्या लाभ होगा ?
(प्रतिक्रिया)
प्रतिक्रियाओं के माध्यम से अध्यापिका बच्चों को इस आशय तक पहुँचाती हैं :-
"साफ़-सफ़ाई करने से हम स्वस्थ रह सकते हैं "
"साफ़ -सफ़ाई को हमें अपनी जीवन शैली में शामिल करना चाहिए ।"

खोलें पन्ना संख्या 12 .
अध्यापिका श्यामपट पर पाठ का नाम लिखती हैं:-
"साफ सफाई में अव्वल गाँव"

प्रक्रिया / गतिविधि:-
चित्र वाचन(पन्ना संख्या 12)का अवसर।
बच्चो, चित्र में क्या-क्या है ?
हाँ, पेड़ ।
('दरख़्त' शब्द की याद दिलाएं)

HINDI ADHYAPAK MANCH

कूड़ेदान, सूचनापट, सड़क, घर।

- सूचनापट के अंतिम दो वाक्य पढ़ने का अवसर दें:-

कचरा ना फेंकें
----- का इस्तेमाल करें ।

(उपरोक्त खाली स्थान पर शब्द लिखने का अवसर दें)
हाँ, सही उत्तर है:- कूड़ेदान।
कूड़ेदान कहाँ रखा हुआ है ?
हाँ, सड़क के किनारे ।
क्या कूड़ेदान प्लास्टिक से बना हुआ है ?
तो किस चीज से बना हुआ है?
हाँ, बाँस से।
ठीक है। अगला चित्र देखें।

- पन्ना संख्या 13 चित्र वाचन का अवसर ।

इस चित्र में कौन-कौन हैं?
हाँ, एक आदमी (पुरुष) और एक औरत (स्त्री)
उनके हाथ में क्या है?
हाँ, कूड़ेदान और झाड़ू ।
क्या आपकी कक्षा में कूड़ेदान है?
तो आप कूड़ा-कचरा कहाँ डालेंगे?
हाँ, कूड़ेदान में।
कूड़े कचरे से क्या मतलब है?
अनावश्यक चीजें (बेकार की चीज़ें)
अनावश्यक चीज़ें क्या-क्या हो सकती हैं?
(बच्चों की प्रतिक्रियाएं अध्यापिका श्यामपट पर लिखती हैं)

HINDI ADHYAPAK MANCH

जैसे :-

कागज के टुकड़े
प्लास्टिक
खाद्य अवशिष्ट
गिरे हुए पत्ते / सूखे पत्ते

क्या सभी कूड़े -कचरे को एक ही कूड़ेदान में डालना चाहिए? नहीं तो क्यों?
(प्रतिक्रिया)
क्या हम जैव कूड़े -कचरे का सदुपयोग कर सकते हैं ?कैसे? (उपरोक्त विषय पर चर्चा)
चर्चा के माध्यम से अध्यापिका बच्चों से कहलवाती हैं:-
जैव कूड़े-कचरे से खाद (उर्वरक) बनाया जा सकता है।
तो फिर प्लास्टिक और काँच के टुकड़ों का सदुपयोग कैसे किया जा सकता है ?
हाँ, पुनर्चक्रण द्वारा।
(पुनर्चक्रण पर चर्चा)
प्लास्टिक और काँच के टुकड़ों के अलावा और भी कई बेकार की वस्तुएं हैं ।
उनसे आप क्या-क्या बना सकते हैं?
(उपरोक्त विषय पर चर्चा)
पन्ना संख्या 14 खोलने का निर्देश।
"पुनर्चक्रण से प्रकृति का बोझ कम हो जाता है"

- बच्चों को वाचन का अवसर।
  यहाँ "बोझ" का क्या अर्थ है?
  हाँ, भार (burden)
- चर्चा करके पुनर्चक्रण की सूची तैयार करने का अवसर।

HINDI ADHYAPAK MANCH

जैसे:-

कूड़े कचरे से - खाद

इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक से- पेय बोतल ,भोजन की ट्रे ,बोरे, टोकरियाँ, गमले, बर्तन .....

फटे कपड़ों से- मैट(mat)
आइस क्रीम स्टिक से -
नारियल के छिलके से-

तो बच्चो, हमने देखा कि कूड़े- कचरे का सदुपयोग किया जा सकता है।
आइए, अब हम एक ऐसे गाँव के बारे में जानेंगे जो साफ़ -सफ़ाई में अव्वल (आगे) है।
पन्ना संख्या 12

अध्यापिका श्यामपट पर लिखती हैं :-
'साफ सफाई में अव्वल गाँव'

- पन्ना संख्या 12
- व्यक्तिगत वाचन का अवसर (एशिया — —-- निर्भर नहीं हैं)
- कठिन शब्द रेखांकित करके अध्यापिका की मदद से वाचन।
- दो-तीन बच्चों की प्रस्तुति ।
- दलों में वाचन ।
- प्रत्येक दल से एक बच्चे की प्रस्तुति।
- अध्यापिका द्वारा वाचन ।
- दलों में नए शब्दों के अर्थ खोज कर पुस्तिका में लिखने का अवसर ।

HINDI ADHYAPAK MANCH

- दलों में आशय विनिमय।

प्रतिक्रिया प्रश्न :-

यहाँ किस गाँव के बारे में कहा गया है ?

मावलिन्नोंग गाँव ।

यह कहाँ है?

मेघालय में।

मावलिन्नोंग गाँव क्यों प्रसिद्ध है? एशिया का सबसे साफ़-सुथरा गाँव है ।

इस गाँव को कब एशिया के सबसे साफ़-सुथरे गाँव के तौर पर (रूप में) चुना गया ?

साल 2023 में ।

इस गाँव की खासियत (विशेषता) क्या है ?

यहाँ की सारी साफ़ -सफ़ाई गाँव वाले खुद (स्वयं) करते हैं।

('खुद 'शब्द पर ज़ोर दें)

यहाँ गाँव वालों की कौन सी मनोदशा प्रकट होती है ?

गाँव की साफ़- सफ़ाई करना अपना कर्तव्य मानते हैं।

- व्यक्तिगत वाचन (दूसरा अनुच्छेद)
  (इस छोटे से गाँव में — —-- इस्तेमाल करते हैं)
- कठिन शब्द रेखांकित करके अध्यापिका की मदद से वाचन।
- दो-तीन बच्चों की प्रस्तुति ।
- दलों में वाचन ।
- प्रत्येक दल से एक बच्चे की प्रस्तुति ।
- अध्यापिका द्वारा वाचन।
- नए शब्दों के अर्थ खोज कर पुस्तिका में लिखने का अवसर।
- दलों में आशय विनिमय।

प्रतिक्रिया प्रश्न :-

HINDI ADHYAPAK MANCH

गाँव में क्या प्रतिबंधित (मना)है?

प्लास्टिक

गाँव में जगह-जगह रखे गए कूड़ेदान किस चीज से बनाए गए हैं ?

बाँस से।

गाँव की साफ़-सफ़ाई कौन करते हैं

खुद गाँववाले।

गाँववाले किसके प्रति जागरुक हैं ?

साफ़ -सफ़ाई के प्रति।

सड़क पर कचरा दिख जाने पर गाँववाले क्या करते हैं ?

कूड़ेदान में डाल देते हैं।

गाँव वाले कचरे का इस्तेमाल कैसे करते हैं ?

खेती के लिए खाद की तरह।

- व्यक्तिगत वाचन
  (ऐसा कहा — — --जरूरी है)
- कठिन शब्द रेखांकित करके अध्यापिका की मदद से वाचन।
- दो-तीन बच्चों की प्रस्तुति ।
- दलों में वाचन ।
- प्रत्येक दल से एक बच्चे की प्रस्तुति ।
- अध्यापिका द्वारा वाचन।
- नए शब्दों के अर्थ खोज कर पुस्तिका में लिखने का अवसर।
- दलों में आशय विनिमय।

प्रतिक्रिया प्रश्न:-

HINDI ADHYAPAK MANCH

130 साल पहले मावलिन्नोंग गाँव में कौन सी बीमारी फैली थी ?
हैजे की बीमारी ।

उस समय बीमारी से छुटकारा पाने का उपाय क्या था?
साफ़-सफ़ाई करना।

हमें अपने शरीर के साथ-साथ और कहाँ-कहाँ साफ़ -सफ़ाई रखनी चाहिए ?
कक्षा, स्कूल, घर, परिसर,अपना गाँव-----

जीवन में नीरोग रहने के लिए सफ़ाई के अलावा क्या-क्या उपाय हैं?
(प्रतिक्रिया का अवसर)

- स्वच्छ पानी पीना चाहिए।
- स्वच्छ भोजन करना चाहिए।
- पौष्टिक भोजन करना चाहिए।
- शुद्ध हवा का सेवन करना चाहिए।
- व्यायाम / कसरत करना चाहिए।
- प्रसन्न रहना चाहिए।
- क्रोध नहीं करना चाहिए।
- सकारात्मक सोच रखनी चाहिए।
- समय पर सोना, जागना और खाना चाहिए ।

'सूचनापट' पर चर्चा

बच्चो, क्या आपने सूचनापट देखा है? कहाँ?
हाँ, बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन, पार्क, सड़क के किनारे, दर्शनीय स्थल-----
उन पर क्या लिखा होता है?
बच्चों द्वारा मातृभाषा में कहने पर अध्यापिका हिंदी में कहती हैं और श्यामपट पर लिखती हैं।

HINDI ADHYAPAK MANCH

जैसे:-

फूल मत तोड़ें।
गाड़ी धीरे चलाएं ।
यहाँ थूकना मना है ।

मान लें ,मावलिन्नोंग गाँव में पर्यटक आते हैं ।वहाँ सूचनापटहै। वह कैसा होगा? (पन्ना14 सूचनापट पढ़ने का अवसर)

- अधूरा सूचनापट पूर्ण करने का अवसर देती हैं ।अगर विद्यार्थी पूर्ण करने में असमर्थ हैं, तो पन्ना संख्या 12 से ढूंढने का अवसर देती हैं ।

उत्तर - यहाँ प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित है ।

अन्य संभावित उत्तर:-

- गाँव में गंदगी ना फैलाएं।
- गाँव की सुरक्षा, हमारी सुरक्षा।

गृहकार्य :-

सार्थक वाक्य बनाएं(पन्ना संख्या 14)

- पन्ना संख्या 15 का नारा गीत पढ़ने का अवसर ।
- दो-तीन बच्चों की प्रस्तुति।
- अध्यापिका द्वारा वाचन।

स्वच्छ रहो तुम स्वस्थ रहो
प्रकृति को तुम अपना लो
हरियाली का गीत रचो तुम
शुद्ध हवा को अपना लो

HINDI ADHYAPAK MANCH

प्रतिक्रिया प्रश्न:-

इस नारा गीत से आपको क्या संदेश मिलता है ?

हाँ; स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो ।

स्वस्थ रहने के लिए क्या-क्या अपनाना है ? (ढूंढ कर बताएं)

प्रकृति और शुद्ध हवा।

स्वच्छ रहने के लिए हम और क्या-क्या कर सकते हैं ?

(हम पहले चर्चा कर चुके हैं)

हाँ, स्वच्छ पानी पीना चाहिए ।

तो हमें नदी, तालाब आदि से प्यार करना होगा ।नदी ,तालाब आदि को अपनाना होगा ।

तो क्या आप नारा गीत आगे बढ़ा सकते हैं?

स्वच्छ रहो तुम स्वस्थ रहो
नदी तालाबों को अपना लो
बचा लो इन्हें बचा लो
अपना जीवन बचा लो

बच्चो, अभी हमने नारा गीत पढ़ा। नारा गीत में प्रकृति संरक्षण की बात कही गई है ।

क्यों ना हम एक पोस्टर बनाएं ? प्रकृति संरक्षण से संबंधित ।

ठीक है ।

तो आपके पोस्टर में क्या-क्या होना चाहिए ?

- संदेश वाक्य (छोटे वाक्य या वाक्यांश)
- बॉर्डर
- आकर्षण
  (शब्दों का आकार, लिखावट, रंग आदि पर ध्यान देना है)
- चित्र जरूरी नहीं।

HINDI ADHYAPAK MANCH

अध्यापिका पोस्टर बनाने के लिए पर्याप्त समय देती हैं ।
सभी बच्चों को पोस्टर प्रस्तुत करने का अवसर।

टीचर्स वर्शन

प्रकृति संरक्षण पर पोस्टर

संदेश वाक्य:-

- प्रकृति बचाओ, जीवन बचाओ।
- प्रकृति की रक्षा हमारी सुरक्षा ।
- प्रकृति के साथ रहें, प्रकृति से दूर नहीं ।
- प्रकृति हमारी सबसे अच्छी मित्र है।

बच्चों को अपने-अपने पोस्टर में संशोधन का अवसर ।
जो बच्चे आई.सी.टी. में रुचि रखते हैं, उन्हें डिजिटल पोस्टर बनाने के लिए प्रेरित करती हैं।

- गृह कार्य:-

  बेकार की वस्तुओं से उपयोगी सामान बनाकर कक्षा में लाएं। (शास्त्र मेले की याद दिलाती हैं)

HINDIADHYAPAKMANCH